# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पुलिस मुख्यालय,अमर शहीद पथ , गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ – 226002
:e- mail : tshq@nic.in

पत्र सं0: टीएस-सीसीटीएनएस-102/2022(फुट पेट्रोलिंग पोर्टल) दिनांकः मई28 2025

सेवा में,

1. समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
2. पुलिस आयुक्त, समस्त कमिश्नरेट, उ0प्र0।
3. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।
4. समस्त जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।


जैसा कि आप अवगत है कि मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 की अपेक्षा के क्रम में प्रदेश में सुरक्षा एवं सुशासन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कानून एवं व्यवस्था शाखा, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्या- डीजी-आठ-94-(21)-02/2022 दिनांक- 28.06.2022 के माध्यम से उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय द्वारा विकसित फुट पेट्रोलिंग पोर्टल एवं मोबाइल एप्प पर फुट पेट्रोलिंग की कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना एवं फोटोग्राफ पोर्टल पर प्रतिदिन थानावार अपलोड किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये थे।


तकनीकी सेवायें मुख्यालय द्वारा फुट पेट्रोलिंग की विभिन्न Field Formations द्वारा Uploaded फोटोग्राफ्स एवं सूचनाओं की समीक्षा करने पर यह पाया गया कि विभिन्न कमिश्नरेट्स / जनपदीय थानों में पैदल गश्त का प्रतिदिन आयोजन नहीं किया जा रहा है। कई बार विभिन्न दिनाँकों में एक ही फोटोग्राफ एवं सम्बन्धित विवरण Copy & Paste किया जा रहा है।

उदाहरणतः **थाना हजरतगंज, मध्य जोन, कमिश्नरेट लखनऊ** के तिथिवार समीक्षा का विवरण निम्नवत् है-

**1- दिनाँक 11 एवं 15 अप्रैल, 2025**

**पैदल गश्त के फोटोग्राफ्स-** पैदल गश्त से सम्बन्धित एक ही Photo को उक्त में Upload किया गया है, फोटोग्राफ्स सम्बन्धी विवरण निम्नवत् है-



**<u>गश्त का समय-</u>** पैदल गश्त के विवरण के अन्तर्गत उपरोक्त Photos हेतु गश्त का समय 18.00 बजे से 19.30 बजे तक का प्रदर्शित किया गया है, जबकि Photos के अवलोकन से **यह परिलक्षित होता है कि उक्त Photos दिन के समय की है।**

**<u>गश्त की दूरी-</u>** उपरोक्त दिनाँकों में गश्त की दूरी 3.5 कि0मी0 प्रदर्शित की गयी है।

**<u>गश्त का स्थान-</u>** गश्त की Photos के अवलोकन एवं पोर्टल पर दर्ज किये गये विवरण से यह स्पष्ट है कि उक्त फोटोग्राफ्स एक ही स्थान के है।

**<u>प्रतिभागी अराजपत्रित अधिकारी-</u>** उक्त दोनों दिनाँकों में 01 निरीक्षक, 05 उप निरीक्षक, 02 हेड कान्सटेबल एवं 07 कान्सटेबल का विवरण प्रदर्शित किया गया है।

**2-** अन्य दिनाँकों में भी एक ही फोटोग्राफ को अपलोड करने के साथ ही गश्त का समय, दूरी एवं स्थान भी Same प्रदर्शित किया गया है। फोटोग्राफ्स निम्नवत् है-

**दिनाँक- 22.12.2024**



**दिनाँक- 07.01.2025**



**दिनाँक- 27.01.2025**



**दिनाँक- 02.02.2025**



**दिनाँक- 18.02.2025**



**दिनाँक- 19.02.2025**



**दिनाँक- 13.04.2025**



**दिनाँक- 14.04.2025**



यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है। जिसके क्रम में कमिश्नरेट्स एवं जनपदों को सचेत करते हुए निम्न बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है-

1. कमिश्नरेट्स / जनपदों के समस्त थाना क्षेत्रों में प्रत्येक दिवस फुट पेट्रोलिंग का आयोजन किया जाये, जिसकी समीक्षा अपर पुलिस अधीक्षक / अपर पुलिस उपायुक्त से लेकर पुलिस उपाधीक्षक / सहायक पुलिस आयुक्त की रैंक तक के नामित नोडल अधिकारी नियमित रूप से करना सुनिश्चित करें।
2. समस्त थानों के द्वारा पैदल गश्त से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स एवं अन्य विवरण पोर्टल पर सही-सही अपलोड / फीड करना सुनिश्चित करें। किसी दिवस की गश्त की फोटोग्राफ्स अन्य दिवसों में कदापि अपलोड न की जाये, नामित नोडल अधिकारियों के द्वारा नियमित रूप से फुट पेट्रोलिंग कार्यवाही की फीडिंग की समीक्षा की जाये।
3. अपर पुलिस महानिदेशक जोन / पुलिस आयुक्त स्तर से माह में एक दिन, पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र स्तर से प्रत्येक 15 दिवस में, कमिश्नरेट्स के जोन / जनपदीय प्रभारी अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा करना सुनिश्चित करें।

28.5.25

**(प्रशान्त कुमार)**
पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0।

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 कमि0 / जनपदों द्वारा आयोजित फुट पेट्रोलिंग की समय-समय पर समीक्षा / मॉनीटरिंग करने एवं आवश्यक निर्देश निर्गत करने हेतु।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।